जय हो झंडेवाली माँ

जय हो झंडेवाली,माँ जय हो झंडेवाली,
पल भर में जो भर देती है सबकी झोली खाली,
जय हो झंडेवाली,माँ जय हो झंडेवाली,

बर्ह्मा,विष्णु,शिव भी तेरा करते हल पल धयान,
तेरी ज्योति से ही मिलता सब वेदो ज्ञान,
तू ही लक्ष्मी है शारदा,तू ही है माँ काली,
जय हो झंडेवाली,माँ जय हो झंडेवाली,

हम भी पापी आके बैठे तेरे ही माँ दवारे,
बेसहारो को भी मिलते तेरे दर से सहारे,
भगत तेरे मस्ती में नाचे और बजाये ताली,
जय हो झंडेवाली,माँ जय हो झंडेवाली,

लाखो करोड़ओ दुनिया आती तेरे दर पे मैया,
॥सबको ही तू पार लगाती बनके आप खवैया,
दर्शन तेरा जो भी पाये,बनजाये उसकी दिवाली,
जय हो झंडेवाली,माँ जय हो झंडेवाली,

जय हो झंडेवाली,माँ जय हो झंडेवाली,
पल भर में जो भर देती है सबकी झोली खाली,
जय हो झंडेवाली,माँ जय हो झंडेवाली,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/884/title/jai-ho-jhandewali-maa-jai-ho-jhandewali

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |